लोकसभा अध्यक्ष ने संसद परिसर में लिवर स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया

...

नई दिल्ली; 25 जुलाई, 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद परिसर में लिवर स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर 28 जुलाई, 2023 को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के संदर्भ में लिवर के स्वास्थ्य पर जागरूकता फैलाने के लिए श्री बिरला की पहल की तहत आयोजित किया गया है।

स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते हुए श्री बिरला ने कहा कि हम सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना बहुत जरूरी है और हमें स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाने चाहिए। श्री बिरला ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर श्री बिरला ने सदस्यों से स्वस्थ लिवर की आवश्यकता के बारे में अपने निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का आग्रह किया।